आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 19.01.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान उत्तराखंड में खिलाड़ियों और आयोजन स्थलों की सुरक्षा के लिए दस हजार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप विकसित करने के निर्देश दिये।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा— राष्ट्रीय खेलों के अयोजन से उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को देश—दुनिया में पहचान मिलेगी।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

## राष्ट्रीय खेल— सुरक्षा व्यवस्था

उत्तराखंड में 28 जनवरी से शुरू हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खिलाड़ियों और आयोजन स्थलों की सुरक्षा के लिए दस हजार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। सीसीटीवी से लैस कंट्रोल रूम हर गतिविधि पर नजर रखेंगे, जिससे सुरक्षा में कोई चूक न हो। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों और इवेंट मैनेजमेंट एजेंसियों को सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और उपकरणों की तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि राज्य के नौ जिलों के 19 स्थानों पर होने वाले इन खेलों में 44 स्पर्धाओं में दस हजार से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रवास स्थलों और अभ्यास स्थलों पर सख्त निगरानी सुनिश्चित की गई है। सभी कर्मियों का सत्यापन और यातायात योजना पर भी कड़ी निगरानी होगी।

आयोजन स्थलों पर अग्नि सुरक्षा के लिए फायर इंजन और अन्य उपकरण तैनात रहेंगे। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और खिलाड़ियों के ठहरने के स्थानों पर सुरक्षा मानकों का पालन किया जाएगा।

## ऐतिहासिक आयोजन बनाने की प्रतिबद्धता

राष्ट्रीय खेलों को ऐतिहासिक बनाने के लिए उत्तराखंड पूरी तरह तैयार है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह आयोजन न केवल खेलों का उत्सव होगा, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को देश–दुनिया के सामने पेश करने का अवसर भी बनेगा। उन्होंने बताया कि खेल स्थलों और उनसे जुड़े मार्गों का सौंदर्यीकरण तेजी से किया जा रहा है। आयोजन स्थलों की दीवारों पर उत्तराखंड की लोक कला और परंपराओं को उकेरा जाएगा, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों को राज्य की सांस्कृतिक झलक मिले। खेल मंत्री ने जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय खेलों का लोगो और शुभंकर को अपनी डीपी बनाकर आयोजन से जुड़ें। उन्होंने भरोसा जताया कि यह आयोजन भविष्य के राष्ट्रीय खेलों के लिए मिसाल बनेगा।

## होटल व्यापार

38वें राष्ट्रीय खेलों ने उत्तराखंड की होटल इंडस्ट्री में नई ऊर्जा का संचार कर दिया है। देहरादून, हरिद्वार से लेकर खटीमा और पिथौरागढ़ तक के होटल खिलाड़ियों और संबंधित अधिकारियों के ठहरने के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। 12 शहरों के होटलों में दस हजार से अधिक खिलाड़ियों के साथ ही उनके परिवार और अधिकारियों के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। हल्द्वानी होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने इसे होटल कारोबार के लिए बड़ा अवसर बताया है। उन्होंने कहा, कि होटलों में मेहमानों को बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध कराई जांएगी, ताकि वे उत्तराखंड से अच्छी यादें लेकर जाएं। देहरादून होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश भारद्वाज ने इसे उद्योग के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक लाभदायक बताया है।

## एनजीटी

नैनीताल झील के जल प्रदूषण की शिकायत पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। एनजीटी ने इस मामले में उत्तराखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत की एक संयुक्त जांच समिति का गठन किया है। मंडलायुक्त दीपक रावत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है और समिति को एक महीने के भीतर तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है। शिकायतकर्ता की ओर से झील में गंदगी और जल प्रदूषण को लेकर एनजीटी, प्रधानमंत्री कार्यालय और अन्य संबंधित अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजे गए थे। एनजीटी ने 14 अक्टूबर 2024 को इस मामले को पंजीकृत करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण मुद्दा बताया।

## उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था बैठक

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह की अध्यक्षता में देहरादून में उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था की बैठक हुई। इसमें वीर नारियों और पूर्व सैनिकों के सशक्तीकरण पर अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान राज्यपाल ने वीर नारियों को महिला स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने पर जोर दिया। बैठक में पूर्व सैनिकों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप विकसित करने का निर्देश दिया गया, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान आसानी से हो सके। पत्थरचट्टा सैनिक फार्म में नकदी फसलों को बढ़ावा देने और गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय के सहयोग से फार्म की आय बढ़ाने पर भी राज्यपाल ने विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण बोर्ड की योजनाओं का प्रचार–प्रसार किया जाए, ताकि लाभार्थियों को इनका अधिकतम लाभ

मिल सके। राज्यपाल ने वीरता पदक विजेताओं के लिए साल में दो बार सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पूर्व सैनिकों की विधवाओं के स्वरोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग और छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।

## अवैध खनन पर कार्रवाई

बागेश्वर जिला प्रशासन अवैध खनन पर सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कपकोट के रीमा खनन क्षेत्र का दौरा करते हुए अधिकारियों को उच्च न्यायालय के आदेशों का शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खदानों की बारीकी से निगरानी की जाए और गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## चुनाव तैयारियां

प्रदेश में निकाय चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर निकाय चुनाव की मतगणना प्रक्रिया के लिए पहले चरण का प्रशिक्षण विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि मतगणना का कार्य निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण सत्र में 124 मतगणना सहायक और सुपरवाइजरों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों ने मतगणना प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित बनाने के लिए सैद्धांतिक और व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। गौरतलब है कि प्रदेश में 23 जनवरी को निकाय चुनाव के लिये मतदान होगा और 25 जनवरी को मतगणना की जाएगी।

## परीक्षा

राज्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की और से प्रदेश भर में आज कनिष्ठ सहायक संवर्ग परीक्षा आयोजित होने जा रही है। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक विभिन्न परीक्षा केदों पर आयोजित की जायेगी। हरिद्वार के उप जिलाधिकारी अजय वीर सिंह ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा को नकल विहीन, सुव्यवस्थित, शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से परीक्षा केन्द्रों के आस–पास 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी।

## वात्सल्य योजना चमोली

चमोली जिले में जरूरतमंद और अनाथ बच्चों को मिशन वात्सल्य योजना के तहत स्पांसरशिप योजना से जोड़कर लाभांन्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आज 13 अन्य बच्चों को इस योजना से जोड़ने की स्वीकृति दी। वर्तमान में जिले के अनाथ, देखरेख और संरक्षण वाले 92 बच्चों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य योजना से इन बच्चों को प्रत्येक माह 4–4 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

**अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––**

- प्रदेश में 23 जनवरी को होने वाले निकाय चुनाव के प्रचार प्रचार अभियान में तेजी आई है... आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है, हिन्दुस्तान समाचार पत्र बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र के हवाले

से लिखता है– कांग्रेस को करारा जवाब देगी जनता।, दैनिक जागरण लिखता है– निकाय चुनाव में कांग्रेस वचन पत्र से देगी भाजपा को जवाब।

- उत्तराखंड में 38 वें नेशनल गेम्स की तैयारी जोरों पर है... हिन्दुस्तान लिखता है– राष्ट्रीय खेलों की सुरक्षा देखेंगे 10 हजार पुलिसकर्मी।
- उत्तराखंड के मदरसों में संस्कृत भी पढ़ेंगे छात्र– नवोदय टाइम्स का शीर्षक– खबर के मुताबिक– प्रदेश के पहले आधुनिक मदरसे में मार्च से होगी पढाई...
- उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक मौसम का मिजाज बदला हुआ है... अमर उजाला लिखता है– बदरीनाथ धाम में बर्फबारी, हिन्दुस्तान समाचार पत्र के मुताबिक– उत्तराखंड में अगले पांच दिन बारिश और बर्फबारी के आसार, 23 जनवरी तक बिगड़ा रहेगा मौसम।